# सेक्टर 62 मेट्रो का डीपीआर सप्ताह भर में

- डीएमआरसी व प्राधिकरण अधिकारियों ने की बैठक
- कालिंदीकुंज मेट्रो रूट की टेंडर प्रक्रिया पर हुई चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**नोएडा।** सिटी सेंटर से सेक्टर 62 तक मेट्रो पहुंचाने के लिए प्राधिकरण ने डीएमआरसी से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट सप्ताह भर में उपलब्ध कराने को कहा है। मंगलवार को प्राधिकरण व डीएमआरसी केअधिकारियों के साथ प्राधिकरण दफ्तर में बैठक हुई।

सीईओ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बॉटेनिकल गार्डेन से कालिंदीकुंज तक मेट्रो परियोजना की टेंडर प्रक्रिया पर चर्चा की गई। सीईओ ने डीएमआरसी से टेंडर प्रक्रिया और उसकी शर्तों का पूरा विवरण मांगा है। बता दें, प्राधिकरण ने इस प्रोजेक्ट की कंसलटेंट एजेंसी डीएमआरसी को ही बनाया है।

डीएमआरसी इस प्रोजेक्ट का डीपीआर पहले ही सौंप चुकी है। करीब आठ सौ करोड़ रुपये खर्च का अनुमानित ब्यौरा भी सौंपा जा चुका है। अगर डीएमआरसी ने सेक्टर 62 रूट का डीपीआर सप्ताह भर में दे देता है, तो इसे फाइनल कर टेंडर निकालने की प्रक्रिया शुरु की जा सकती है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि आने वाले कुछ ही दिनों में मेट्रो के दोनों रूटों पर तेजी से काम किया जाएगा। जिससे समय रहते इस पर काम किया जा सके। सीईओ कैप्टन एसकेद्विवेदी ने बताया कि सेक्टर 62 रूट का डीपीआर सप्ताह भर में देने और कालिंदी कुंज मेट्रो की टेंडर शर्तें जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया है।